# प्रादेशिक समाचार
# दिनांक–01.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री गति शक्ति के तहत नेटवर्क योजना समूह (NPG) की 88वीं बैठक आज सड़क, रेलवे, सूचना प्रौद्योगिकी और मेट्रो क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित की गई। यह बैठक उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग के संयुक्त सचिव ई. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PMGS NMP) के तहत बहु–मोडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा देना था।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर एक दिन के पोस्ट बजट वेबिनार को अब से कुछ देर पहले संबोधित किया। इस कार्यक्रम में झारखंड के सभी 24 जिलों के हितधारक भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि कृषि सेक्टर का विकास और ग्रामीण इलाके की समृद्धि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

******************

कोडरमा जिले के फरेंदा स्थित आरसेटी में किसानों ने वेबिनार के जरिए पीएम मोदी का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री ने बजट में किसानों के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी दी। केसीसी की प्रक्रिया को सरल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

******************

इधर पाकुड़ जिले में भी प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से वेबिनार के जरिए संवाद किया। उन्होंने कृषि धन–धान्य योजना, दलहन उत्पादन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। किसानों ने बजट में कृषि विकास के प्रावधानों की सराहना की।

******************

लौह नगरी जमशेदपुर में जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186 जयंती तीन मार्च को मनायी जायेगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा और सीनियर महाप्रबंधक डॉ आर के सिंह भी मौजूद थे। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।

******************

गुमला में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुखियाओं को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2005 की जानकारी दी गई। नई शिक्षा नीति के तहत 3 से 18 वर्ष के बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में मुखियाओं को उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया।

******************

खूंटी जिले में पुलिस प्रशासन की सख्ती के बाद अब कई गांव अफीम मुक्त गांव बन गए हैं।

******************

रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से फरार पीएलएफआई उग्रवादी समीर तिर्की की तलाश तेज कर दी गयी है। रांची और गुमला की सीमा सील कर दी गयी है और उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

******समाप्त******